भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3627

10.08.2026 को उत्तर के लिए

मिशन लाइफ और ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम का कार्यान्वयन

3627 **सुश्री कंगना रनौतः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मिशन लाइफ के प्रभाव का आकलन करने के लिए मापने योग्य संकेतक विकसित किए हैं और क्या इस संबंध में राज्यों के लिए कोई प्रोत्साहन तंत्र विचाराधीन है;

(ख) क्या मेरी लाइफ पोर्टल को सार्वजनिक डैशबोर्ड के रूप में उपलब्ध कराया गया है और क्या बेहतर कार्य निष्पादन करने वाले हरित जिलों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई प्रस्ताव लाया जा रहा है;

(ग) क्या पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों और उद्योगों के कार्यकरण के साथ मिशन लाइफ को एकीकृत करने के लिए कोई संस्थागत ढांचा विकसित किया गया है;

(घ) क्या हरित ऋण कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश सहित व्यक्तियों, समुदायों और हिमालयी राज्यों के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया गया है; और

(ङ) क्या सतत सार्वजनिक खरीद और तीसरे पक्ष द्वारा मूल्यांकन के माध्यम से मिशन लाइफ के लिए कोई समयबद्ध कार्य योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ङ) मिशन लाइफ (पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली) एक जन अभियान है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों को सात प्रमुख विषयों, यथा ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, अपशिष्ट में कमी करने, ई-अपशिष्ट में कमी करने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को 'ना' कहने, स्वास्थ्य के अनुकूल जीवनशैली अपनाने और संधारणीय खाद्य प्रणालियों को अपनाने पर फोकस करते हुए समग्र-सरकार और समग्र-समाज के दृष्टिकोण का पालन करते हुए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

संधारणीय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए, मंत्रालय अन्य संबंधित मंत्रालयों, विभागों तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के सहयोग से मिशन 'लाइफ' के सिद्धांतों को मौजूदा क्षेत्रीय योजनाओं, कार्यक्रमों और नागरिक जनसंपर्क पहलों में एकीकृत करके मुख्यधारा में ला रहा है। इसमें 'एक राष्ट्र एक मिशन: प्लास्टिक प्रदूषण का अंत', 'हरित योग', 'स्वच्छता ही सेवा', विश्व पर्यावरण दिवस, ई-अपशिष्ट जागरूकता अभियान और मायगॉव (MyGov) और मायभारत (MYBharat) पोर्टलों पर अन्य विभिन्न नागरिक सहभागिता पहलें जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान शामिल हैं, जिससे मिशन लाइफ की पहुंच शहरी और ग्रामीण समुदायों तक फैल हो रही है।

इसके अलावा, "एक पेड़ मां के नाम" की प्रमुख पहल के तहत, देश भर में 310 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं।

'मेरी लाइफ' (MeriLiFE) पोर्टल को विभिन्न हितधारकों द्वारा 'लाइफ' से संबंधित कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों की व्यवस्थित रिपोर्टिंग और निगरानी के लिए तैयार किया गया है, जिनमें केंद्र सरकार/राज्य सरकार के विभाग, नागरिक समाज संगठन, औद्योगिक साझेदार और व्यक्ति-विशेष शामिल हैं। 'मेरी लाइफ' (MeriLiFE) पोर्टल का डैशबोर्ड एक सार्वजनिक डैशबोर्ड है और यह दर्शाता है कि देश भर में 10 करोड़ से अधिक प्रतिभागियों ने 45 लाख से अधिक लाइफ कार्यक्रमों में भाग लिया है।

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ग्रीन क्रेडिट नियम, 2023 के माध्यम से अधिसूचित ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम (जीसीपी) एक अभिनव स्वैच्छिक तंत्र है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल कार्यों को प्रोत्साहन देना और संधारणीय जीवनशैली तथा व्यवहारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देकर मिशन 'लाइफ' के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। यह कार्यक्रम स्थानीय समुदायों के लिए पारिस्थितिक और आजीविका संबंधी प्रलाभ सृजित करते हुए व्यक्तियों, सार्वजनिक संस्थाओं और निजी संस्थाओं को क्षतिग्रस्त वन भूमि की पुनर्बहाली में भाग लेने, काष्ठ, काष्ठेतर वनोत्पाद, चारा, जल संसाधन और अन्य पारिस्थितिकीय तंत्र सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश सहित सभी पात्र सार्वजनिक और निजी संस्थाओं के लिए खुला है।

मिशन 'लाइफ' (LiFE) के सिद्धांतों को बढ़ावा देने वाले समयबद्ध अभियान व्यक्तियों और समुदायों की समन्वित कार्रवाइयों के माध्यम से चलाए जाते हैं, जो उन्हें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुनने और संधारणीय उत्पादों की मांग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

****